# ANNUAL EXAMINATION : 2022-23

## CLASS - IX [CBSE]

Time: 3 hrs. HINDI M.M.: 80

सामान्य निर्देश –

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उसका अनुपालन कीजिए।

1. इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं 'अ' और 'ब'।
2. खण्ड 'अ' में कुल 10 प्रश्न पूछे गए हैं जिनके अन्तर्गत प्रश्न बहुविकल्पीय हैं।
3. खण्ड 'ब' में कुल वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
4. प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

### अपठित गद्यांश

Q.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×5=5]

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने – बाने का महत्वपूर्ण आधार है। दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनन्दपूर्ण गतिविधियों के लिए, वह उतना ही आवश्यक भी है। यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नही होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ–न–कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है। हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ सम्बन्ध रखना सदैव हमारे हित में होता है। पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे–कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है। ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है। पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे सम्बन्ध रखने चाहिए। जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख–दुख का आदान–प्रदान नहीं कर सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा। विश्व–बन्धुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम पड़ोसी से निभाना सीखें।

निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए –

a. गद्यांश के अनुसार सामाजिक जीवन में किसका महत्व है?
   - क) शिक्षा का
   - ख) मित्रता का
   - ग) समाज का
   - घ) इनमें से कोई नहीं

b. किसके साथ संबंध रखना हमारे हित में है?
   - क) पड़ोसी के
   - ख) देश के
   - ग) अमीर के
   - घ) सभी विकल्प सही हैं

c. पड़ोसी से निभाने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?
   - क) प्रेम पूर्वक रहना
   - ख) सदा सहानुभूति का व्यवहार
   - ग) सुख–दुःख में शामिल होना
   - घ) सभी विकल्प सही हैं

d. 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है ?–
   - क) ऐसा विश्वस्त जो सहायक हो
   - ख) ऐसा सहायक जिस पर विश्वास किया जा सके।
   - ग) ऐसा सहायक जो मुझ पर विश्वास करे।
   - घ) सभी विकल्प सही हैं।

e. लेखक ने विश्व – बंधुत्व की बात किस सन्दर्भ में की है?
   - क) विश्व के बंधु के संदर्भ में
   - ख) जिसे बन्धु बनाया जा सके
   - ग) पड़ोसी के साथ साथ निभाने के संदर्भ में
   - घ) पड़ोसी के साथ न निभाने के संदर्भ में

## अपठित काव्यांश

Q.2. निम्नलिखित दो काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1×5= 5]

सूख रहा है समय
इसके हिस्से की रेत
उड़ रही है आसमान में
सूख रहा है
आँगन में रखा पानी का गिलास
पँखुरी की साँस सूख रही है
जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी
उससे अब हाँफने की आवाज़ आती है
हर पौधा सूख रहा है
हर नदी इतिहास हो रही है
हर तालाब का सिमट रहा है कोना
यहीं एक मनुष्य का कंठ सूख रहा है
वह जेब से निकालता है पैसे और
खरीद रहा है बोतल बंद पानी
बाकी जीव क्या करेंगे अब
न उनके पास जेब है न बोतल बंद पानी।

a. 'सूख रहा है समय' कथन का क्या आशय है?
- क) अब जीवन मूल्य समाप्त हो रहे हैं।
- ख) अब नैतिक मूल्यों का कोई मूल्य नहीं।
- ग) दोनों विकल्प सही हैं।
- घ) इनमें से कोई नहीं।

b. हर नदी के इतिहास होने का क्या तात्पर्य है?
- क) नदियाँ बह रही हैं।
- ख) नदियाँ भरी हुई हैं।
- ग) नदियों का अस्तित्व समाप्त हो रहा है।
- घ) सभी विकल्प सही हैं।

c. 'पंखुरी की साँस सूख रही है जो सुन्दर चोंच मीठे गीत सुनाती थी' ऐसा किस कारण से हो रहा है?
- क) प्यास न लगने के कारण
- ख) उड़ न सकने के कारण
- ग) गीत गाने के कारण
- घ) प्रकृति की ओर ध्यान न देने के कारण

d. कवि के दर्द का क्या कारण है?
- क) उसके चोट लगी हुई है।
- ख) वह प्यासा है।
- ग) प्रकृति पर संकट मँडराना।
- घ) सभी विकल्प सही हैं।

e. 'बाकी जीव क्या करेंगे अब' कथन में क्या व्यंग्य है?
- क) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है।
- ख) अब जीवों के बचने की कोई उम्मीद नहीं।
- ग) प्रकृति की ओर ध्यान न देने के कारण।
- घ) सभी विकल्प सही हैं।

अथवा

दो घड़ी कदम अपने रोको, बढ़ चले हो तुम अँधेरे को।
न रूके अगर तो तरसोगे, नवजीवन के पग फेरों को।
दु:ख के बिन सुख कैसा, सोचो बिन धूप कहाँ फिर छाँव, कहो
बिन मृत्यु भला कैसा जीवन, कैसा बिन मिट्टी गाँव कहाँ।
गंगा को तुमने बिष देकर मार दिया, कुछ और बढ़े।
तुमने अपने बल से नदियों को बाँध दिया, कुछ और बढ़े।
तुम और बढ़े,जब तुमने हिमखंडों तक को पिघला डाला।
तुम और बढ़े, जब तुमने खेतों की मिट्टी को दूषित कर डाला।
तुम बचा न सके नदियों को, जो कल तक कल–कल बहती थीं ।
तुम बचा सके न चिड़ियों को, जो आँगन रोज़ चहकती थीं।
तुम हो विज्ञान के प्रतिनिधि, तुम अपने यश का गान करो।
मैं तुम्हें चुनौती देता हूँ, तुम यह एक काम महान करो।
रच लो अपनी ही धरा एक, अपने विज्ञानी हाथों से।
प्रकृति नहीं जीती जाती, ऐसी अभिमानी बातों से।

a. कवि का संकेत किस अँधेरे की तरफ है ?–
क) पर्यावरण को दूषित करने की तरफ
ख) अमावस्या के अँधेरे की तरफ
ग) बिजली चले जाने पर
घ) इनमें से कोई नहीं

b.. कवि के अनुसार यदि मानव नहीं रूका तो वह किसके लिए तरसेगा?
क) पीछे लौटने के लिए
ख) रूकने के लिए
ग) नवजीवन के लिए
घ) सभी विकल्प सही हैं

c. 'गंगा को तुमने विष देकर मार दिया' पंक्ति का अर्थ है–
क) गंगा को विष दे दिया।
ख) गंगा को मार दिया।
ग) गंगा को दूषित कर दिया।
घ) सभी विकल्प सही हैं।

d. 'तुम हो विज्ञान के प्रतिनिधि' पंक्ति में प्रतिनिधि किसे कहा गया है ?
क) मनुष्य को
ख) विज्ञान को
ग) सृष्टि को
घ) किसी को नहीं

e. कवि मनुष्य को क्या चुनौती दे रहा है?
क) दुनिया में रहने की
ख) घर में रहने की
ग) अलग घर बनाने की
घ) अलग धरा बनाने की

Q.3. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1×4=4]

a. 'संकल्प' शब्द में उपसर्ग है –
क) सम् ख) स
ग) सं घ) कल्प

b. 'उच्चारण' शब्द में उपसर्ग है–
क) उ ख) उच्
ग) उत् घ) ण

c. मूल रूप से प्रत्यय के कितने प्रकार हैं ?

क) दो | ख) चार
ग) तीन | घ) पाँच

d. 'लालिमा' शब्द में कौन–सा प्रत्यय है?

क) ला | ख) लाली
ग) इमा | घ) मा

e. 'सजावट' शब्द में मूलशब्द एवं प्रत्यय है –

क) सजाना + वट
ख) सजा + आवट
ग) सज + आवट
घ) इनमें से कोई नहीं

Q.4. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1x4= 4]

a. 'तन–मन' शब्द में कौन–सा समास है?

क) तत्पुरूष समास
ख) कर्मधारय समास
ग) अव्ययीभाव समास
घ) द्वन्द्व समास

b. 'त्रिफला' शब्द का समास विग्रह है –

क) तीन फलों वाला
ख) तीन फलों का समूह
ग) तीन फल हैं जिसके
घ) तीन और फल

c. 'आजीवन' शब्द में समास है –

क) बहुव्रीहि समास
ख) अव्ययीभाव समास
ग) तत्पुरूष समास
घ) द्विगु समास

d. बहुव्रीहि समास में प्रधान होता है –

क) पूर्व पद | ख) अन्य पद
ग) उत्तर पद | घ) कोई नहीं

e. 'दहीबड़ा' में समास है –

क) अव्ययीभाव समास
ख) तत्पुरूष समास
ग) द्विगु समास
घ) द्वन्द्व समास

Q.5. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1x4=4]

a. सूर्य भ्रमणशील है। (वाक्य भेद बताइए)

क) आज्ञावाचक
ख) संकेतवाचक
ग) विधानवाचक
घ) इच्छावाचक

b. आपकी हर अभिलाषा पूर्ण होनी चाहिए। ( इस वाक्य का इच्छावाचक वाक्य होगा ) –

क) आपको अपनी हर अभिलाषा पूर्ण करनी चाहिए।
ख) आपकी हर अभिलाषा पूर्ण हो।
ग) आपने हर अभिलाषा पूर्ण कर ली।
घ) आपकी हर अभिलाषा पूर्ण हो गई।

c. यदि वह समय पर आता तो मेरा काम बन जाता। ( वाक्य भेद बताइए )–
- क) संदेहवाचक वाक्य
- ख) आज्ञावाचक वाक्य
- ग) संकेतवाचक वाक्य
- घ) विधानवाचक वाक्य

d. जिन वाक्यों में एक क्रिया का दूसरी क्रिया पर निर्भर होने का बोध हो उन्हें क्या कहते हैं ?
- क) विधिवाचक वाक्य
- ख) विस्मयादिबोधक वाक्य
- ग) इच्छावाचक वाक्य
- घ) संकेतवाचक वाक्य

e. 'अब घूमने के लिए चला जाए' वाक्य का भेद है–
- क) विधानवाचक वाक्य
- ख) संकेतवाचक वाक्य
- ग) इच्छावाचक वाक्य
- घ) आज्ञावाचक वाक्य

Q.6. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1x4=4]

a. 'वेदना बोझ वाली–सी' पंक्ति में अलंकार बताइए –
- क) रूपक अलंकार
- ख) अनुप्रास अलंकार
- ग) उपमा अलंकार
- घ) यमक अलंकार

b. 'जिस शब्द–विशेष से समानता का बोध हो' उसे कहते हैं –
- क) उपमेय
- ख) वाचक शब्द
- ग) उपमान
- घ) अन्य अर्थ

c. 'तू मोहन के उरबसी ह्वै उरबसी समान।' पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?–
- क) यमक अलंकार
- ख) रूपक अलंकार
- ग) अनुप्रास अलंकार
- घ) उपमा अलंकार

d. 'पायो जी मैंने राम–रतन धन पायो।' पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?–
- क) यमक अलंकार
- ख) उपमा अलंकार
- ग) रूपक अलंकार
- घ) अनुप्रास अलंकार

e. अनुप्रास किसे कहते हैं ?–
- क) शब्द की आवृत्ति को
- ख) स्वर की आवृत्ति को
- ग) वर्ण की आवृत्ति को
- घ) भाषा की आवृत्ति को

Q.7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थ सबसे उचित विकल्प चुनिए– [1x5=5]

बाबा कहते थे, इसको हम विदुषी बनाएँगे। मेरे संबंध में उनका विचार बहुत ऊँचा रहा। इसलिए 'पंचतंत्र' भी पढ़ा मैंने, संस्कृत भी पढ़ी। ये अवश्य चाहते थे कि मैं उर्दू –फ़ारसी सीख लूँ, लेकिन वह मेरे वश की नही थी। मैंने जब एक दिन मौलवी साहब को देखा तो बस, दूसरे दिन मैं चारपाई के नीचे जा छुपी। तब पंडित जी आए संस्कृत पढ़ाने। माँ थोड़ी संस्कृत जानती थीं। गीता में उन्हें विशेष रूचि थी। पूजा–पाठ के समय मैं भी बैठ जाती थी और संस्कृत सुनती थी। उसके उपरांत उन्होंने मिशन स्कूल में रख दिया मुझको। मिशन स्कूल में वातावरण दूसरा था, प्रार्थना दूसरी थी। मेरा मन नहीं लगा। वहाँ जाना बंद कर दिया। जाने में रोने–धोने लगी। तब उन्होंने मुझको क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज में भेजा, जहाँ मैं पाँचवें दर्जे में भर्ती हुई।

a. बाबा किसे विदुषी बनाना चाहते थे ?
- क) महादेवी वर्मा को
- ख) सुशीला को
- ग) सुभद्रा कुमारी चौहान को
- घ) तहमीना को

b. प्रारम्भ में लेखिका को पढ़ने के लिए कहाँ भेजा गया ?

क) मिशन स्कूल　　ख) मदरसा

ग) क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज　　घ) संस्कृत विद्यालय

c. लेखिका की माँ कौन–सी पुस्तक पढ़ती थी ?

क) रामायण　　ख) कुरान

ग) पंचतंत्र　　घ) गीता

d. लेखिका के पिताजी उनको क्या सिखाना चहते थे ?

क) संगीत　　ख) उर्दू – फारसी

ग) नृत्य　　घ) 'क' और 'ख' दोनों

e. उपर्युक्त गद्यांश हिन्दी की किस विधा में लिखा गया है ?

क) संस्मरण　　ख) आत्मकथा

ग) कहानी　　घ) एकांकी

Q.8. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए – [1x2=2]

a. 'दो बैलों की कथा' कहानी में प्रेमचन्द ने किस कथा परंपरा का उपयोग किया है ?

क) मानसरोवर की

ख) प्राचीन कहानियों की

ग) पंचतंत्र और हितोपदेश की

घ) इनमें से कोई नहीं

b. 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ हिन्दी की कौन–सी विधा में लिखा गया है ?

क) कहानी　　ख) नाटक

ग) रेखाचित्र　　घ) निबन्ध

Q.9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए – [1x5=5]

फैली खेतों में दूर तलक
　　मखमल की कोमल हरियाली,
लिपटीं जिससे रवि की किरणें
　　चाँदी की–सी उजली जाली!
तिनकों के हरे हरे तन पर
　　हिल हरित रूधिर है रहा झलक,
श्यामल भू तल पर झुका हुआ
　　नभ का चिर निर्मल नील फलक!
रोमांचित सी लगती वसुधा
　　आई जौ गेहूँ में बाली,
अरहर सनई की सोने की
　　किंकिणियाँ हैं शोभाशाली!
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध
　　फूली सरसों पीली पीली,
लो, हरित धरा से झाँक रही
　　नीलम की कलि, तीसी नीली!

a. खेतों में कैसी हरियाली फैली है ?

क) पत्तों की तरह

ख) मखमल की तरह

ग) हरी घास की तरह

घ) इनमें से कोई नहीं

b. खेतों पर पड़ती सूर्य की किरणें किसके समान उज्ज्वल हैं ?

क) हीरे के समान

ख) मोती के समान

ग) जल के समान

घ) चाँदी के समान

c. वसुधा गेहूँ और जौ की बालियों को उगाकर क्या प्रकट कर रही है ?

क) दु:ख ख) रोमांच

ग) सादगी घ) खुशी

d. वातावरण में तैलाक्त गंध क्यों फैली हुई है?

क) आस–पास सरसों के बीजों से तेल निकाले जाने के कारण

ख) किसी के तेल से युक्त बर्तन गिरने के कारण

ग) किसी स्त्री द्वारा तेल में भोजन बनाए जाने के कारण

घ) पीली सरसों के फूलों के कारण

e. तीसी की तुलना किससे की गई है ?

क) स्वर्ण – आभूषणों से

ख) नीलम की कलियों से

ग) सौन्दर्य से

घ) सोने से

Q.10. पदय पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – [1x2=2]

a. 'मेघ आए' कविता में मेघ का आगमन किस रूप में हुआ है ?

क) मेहमान के रूप में

ख) बालक के रूप में

ग) जल के रूप में

घ) हाथी के रूप में

b. कबीर के अनुसार कौन–सा मनुष्य सही मायनों में जीवित कहलाता है ?

क) जो धनोपार्जन में लगा रहता है।

ख) जो ईश्वर भक्ति में स्वयं को डुबो देता है।

ग) जो धर्मों व आडम्बरों से स्वयं को दूर रखता है।

घ) जो जीवन में अज्ञानता को हटा देता है।

**खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

Q.11. गद्य–पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में लिखिए – [2x3=6]

क) लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?

ख) आपकी दृष्टि में वेश–भूषा के प्रति लोगों की सोच में क्या परिवर्तन आया है?

ग) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

घ) 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?

Q.12. पदय पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दो में लिखिए – [2x3=6]

क) गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है ?

ख) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

ग) बादलों के आने पर प्रकृति में जिन गतिशील क्रियाओं को कवि ने चित्रित किया है, उन्हें लिखिए।

घ) सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था ? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

Q.13. पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में लिखिए – [4x2=8]

क) लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही! 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की–समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है ? 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ग) 'इस जल–प्रलय में' पाठ के आधार पर आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए।

Q.14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए– [6]

क) मुसीबत में ही मित्र की परख होती है।

संकेत बिन्दु – 1. परिभाषा

2. विपत्ति में सच्ची मित्रता की परख

3. सच्चा मित्र–प्रेरणा का स्रोत

ख) वृक्षारोपण : एक आवश्यकता

**संकेत बिन्दु** –1. मानव एवं प्रकृति का अटूट संबंध

2. वृक्ष पृथ्वी की शोभा

3. वृक्ष के प्रति मानव का कर्त्तव्य

ग) बच्चों की शिक्षा में माता–पिता की भूमिका

**संकेत बिन्दु** –1. शिक्षाविहीन नर पशु समान

2. शिक्षा और माता–पिता

3. शिक्षा की महत्ता

Q.15. अपने क्षेत्र की नालियाँ तथा सड़कों की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए। [5]

**अथवा**

पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

Q.16. 'एकता में बल' विषय पर लगभग 100 शब्दो में एक लघु कथा लिखिए। [5]

**अथवा**

किसी प्रतिष्ठित संस्थान में नौकरी के प्रस्ताव पर स्वीकृति देते हुए ई–मेल लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

Q.17. 'कर्म ही पूजा है' विषय पर दादी और पोती के मध्य लगभग 80 शब्दों में संवाद लिखिए। [4]

**अथवा**

आपके विद्यालय में एक दिन के लिए 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के नोटिस बोर्ड के लिए लगभग 80 शब्दों में सूचना बनाइए।

#####